<u>38वाँ दीक्षांत समारोह - आमंत्रण पत्र</u>

प्रिय छात्र/छात्रा,

आपके द्वारा इग्नू के 38वें दीक्षांत समारोह में भाग लेने हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया है। आपको यह उपाधि प्राप्त करने के लिए हार्दिक बधाई । **38वें दीक्षांत समारोह का मुख्य कार्यक्रम इग्नू मुख्यालय, नई दिल्ली में दिनांक 05 मार्च 2025 (बुधवार) को आयोजित किया जायेगा जिसके मुख्य अतिथि माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी, होंगे** । साथ-साथ में यह कार्यक्रम इग्नू के सभी क्षेत्रीय केन्द्रों में भी आयोजित किया जायेगा । **इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो० सत्यकाम , कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज होंगे ।**

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु:

आयोजन स्थल	:	महामना हाल, सेमिनार काम्प्लेक्स, विज्ञान संस्थान, बी.एच.यू., वाराणसी
तिथि	:	05 मार्च, 2025 (बुधवार)
छात्र/छात्राओं के लिये आगमन समय	:	सुबह 08.00 से 09.30 बजे तक । 09.30 बजे रजिस्ट्रेशन काउंटर को बंद कर दिया जायेगा ।

छात्र/छात्राओं के लिये महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश :

1) छात्र/छात्राएं अपने साथ इग्नू पहचान पत्र अवश्य लायें ।
2) दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने वाले छात्रों को इग्नू की ओर से स्कार्फ प्रदान किया जायेगा । जिसे पहनना आवश्यक है । इसके लिये छात्र/छात्राओं को रजिस्ट्रेशन काउंटर पर रूपये 250/-. का भुगतान करना होगा । समारोह समाप्त होने के पश्चात् स्कार्फ वापस करने पर रूपये 200/-.. छात्रों को वापस कर दिया जायेगा ।

3) **<u>पुरूष छात्रों के लिये ड्रेस कोड</u>**: सफेद या क्रीम रंग का कुर्ता और पायजामा । हैंडलूम या खादी के बने परिधान को वरीयता ।

4) **<u>महिला छात्राओं के लिये ड्रेस कोड</u>**: सफेद या क्रीम रंग का साड़ी/सलवार कुर्ता/सलवार कमीज । हैंडलूम या खादी के बने परिधान को वरीयता ।

5) किसी भी परिस्थिति में जीन्स और टी-शर्ट पहनकर न आयें।

6) समारोह में सिर्फ छात्र/छात्राओं को ही प्रवेश दिया जायेगा । उनके परिजनों को समारोह में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

7) उपाधि सिर्फ छात्र/छात्रा को ही प्रदान की जाएगी । उनके परिजनों/मित्रों को किसी भी परिस्थिति में उपाधि नहीं दी जाएगी ।

8) समारोह में उपस्थित होने के लिये किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा । छात्र/छात्रा अपने स्वयं के खर्च पर समारोह में उपस्थित होंगे ।

9) जिन विद्यार्थियों को ईमेल या एसएमएस से सूचना दी जा रही है कृपया वही दीक्षांत समारोह में शामिल हों । यह आमंत्रण पत्र किसी अन्य विद्यार्थी के साथ हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है ।

शुभकामनाओं सहित,

(डॉ यू.एन. त्रिपाठी)
क्षेत्रीय निदेशक